साउथ कोरिया की अग्रणी यूनिवर्सिटी HUFS ने लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन को डॉक्टरेट की मानद डिग्री प्रदान की

कैंप: सियोल, 01 अक्टूबर 2016: हेन्कुक यूनिवर्सिटी ऑफ़ फॉरेन अफेयर्स ने आज सियोल में लोक सभा अध्यक्ष,श्रीमती सुमित्रा महाजन को डॉक्टरेट की मानद डिग्री प्रदान की।

श्रीमती महाजन ने डिग्री स्वीकार करते हुए कहा कि प्रतिष्ठित एच यू एफ एस यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट कीमानद डिग्री प्राप्त करना उनके लिए बहुत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि एच यू एफ एस को कोरिया मेंविदेशी भाषा शिक्षा के लिए सबसे बेहतर संस्था की मान्यता प्राप्त है, उन्होंने विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय समझ केप्रमुख प्रवर्तक के रूप में सराहना की, जिसने 84 देशों के 500 विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों के साथ समझौताज्ञापन हस्ताक्षरित किया हुआ है।

श्रीमती महाजन ने कहा कि इस प्रकार का पुरस्कार मिलना प्राप्तकर्ता और उनके पेशे, दोनों केलिए गौरव की बात है। वह व्यक्तिगत के साथ ही भारत की निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में इस सम्मान को प्राप्तकरके गौरवान्वित हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान का विशेष महत्व है क्योंकि जनता कभी-कभार ही सांसदों केकार्य को मान्यता देती है।

लोक सभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि एक विश्वविद्यालय और किसी लोकतंत्र में विधान मंडल स्तर परकिए जाने वाले कार्य में बहुत अधिक समानता है, क्योंकि वे दोनों ही जनता की सेवा के लिए होते हैं। इस पृष्ठभूमिमें, उन्होंने माना कि हेन्कुक विश्वविद्यालय की डाक्टरेट की मानद डिग्री उन समानताओं का प्रतीक है, जो इन दोनोंव्यवसायों और शिक्षकों और विधायकों, दोनों के रूप में उनके उद्देश्यों को एकसूत्र में बांधती है। उन्होंने आगे कहाकि डॉक्टरेट की मानद उपाधि को उन्होंने इसी भाव और आपसी समझ को बढावा देने के साझे उद्देश्यों के

प्रतिएच यू एफ एस के समर्थन को सम्मान देने के लिए स्वीकार किया।

श्रीमती महाजन वर्तमान में दक्षिण कोरिया के लिए भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रही हैं।